




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 314 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 15 अगस्त 2025 डाक 16 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए










### लाल किले से पीएम का ट्रंप को साफ संदेश

# किसानों, मछुआरों और कामगारों के हित में मोदी दीवार खड़ी है



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किला से देश को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने कई योजनाओं का भी ऐलान किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आत्मनिर्भर भारत पर कई बातें कहीं। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि सरकार किसान विरोधी किसी भी नीति को बर्दाश्त नहीं करेगी।दरअसल, पीएम मोदी का ये संदेश ऐसे समय पर आया है, जब ट्रंप के टैरिफ के ऐलान के बाद भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्तों में तनाव देखने को मिल रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को रोका नहीं जा सकता और अब समय आ गया है कि देश गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ वैश्विक बाजारों में अपनी क्षमता साबित करे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा यह इतिहास रचने का समय है। हमें विश्व बाजार पर राज करना है। हमें उत्पादन लागत कम करनी है। यह समय गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ वैश्विक बाजारों में अपनी क्षमता साबित करने का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार किसान विरोधी किसी भी नीति को बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम किसानों के लिए दीवार बनकर खड़े रहेंगे। मैं अपने किसानों को नहीं छोड़ूंगा। किसान हमारी अर्थव्यवस्था में बहुत योगदान देते हैं। पीएम मोदी ने भारत को कई वस्तुओं का शीर्ष उत्पादक बनाया है।

**स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त पाठको, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं ...

संपादक ....

**अवकाश सूचना**


16 अगस्त 2025 दिन शनिवार को तरूण छत्तीसगढ़ कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

व्यवस्थापक....

















# सूने घरों को निशाना बनाने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश, 5 आरोपी गिरफ्तार

**लाखों के गहने और नगदी बरामद**

जांजगीर-चांपा। जांजगीर पुलिस ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने गैंग के 5 शातिर चोरों को पकड़ा है. इनके कब्जे से 7 लाख की चोरी की सामान बरामद की गई है। आरोपी रात के अंधेरे में सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी करते थे

मामले का खुलासा करते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने बताया कि ग्राम करमंदा, खोखसा, औराईखुर्द, बिरगहनी और उदयबंद में सिलसिलेवार सूने मकान में अज्ञात आरोपियों के द्वारा रात्रि में मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के गहने एवं नगदी रकम अन्य सामान चोरी करने की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर एवं बलौदा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। सिलेसिलेवार चोरी के प्रकरणों की गंभीरता को देखते हुये संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए आरोपियों की शीध्र पतासाजी एवं गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल



मार्गदर्शन में आरोपियों की पतासाजी के लिए सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक एवं थाना प्रभारी जांजगीर निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय, थाना प्रभारी बलौदा निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी नैला उप निरीक्षक विनोद जाटवर की टीम तैयार किया गया।

गठित टीम द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक कविता ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी अकलतरा प्रदीप सोरी के मार्गदर्शन में तकनिकी आधार और आसपास लगे 200 सीसीटीव्ही कैमरों की बारिकी से जाचं में पता चला कि चोरी की सभी घटना को बाईक सवार तीन युवको के द्वारा अंजाम दिया गया है, वहीं मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम जर्वे (च) निवासी महावीर उर्फ खोदू कश्यप और उसके सहयोगी दुर्गेश नेताम उर्फ मल्लू अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिए है, और लुकछिप कर रह रहे है, सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपियों को पकड़कर हिरासत में लिया। चोरी की घटना के संबंध में मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपी महावीर कश्यप उर्फ खोदू तथा दूर्गेश नेताम उर्फ मल्लू ने अपने साथी रामकुमार कश्यप उर्फ मोना, आनंद उर्फ प्रभात कश्यप और मंगल पाण्डेय के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किये। जिसमें थाना जांजगीर के 06 अलग-अलग एवं थाना बलौदा के 01 प्रकरण इस प्रकारण कुल 07 चोरी के प्रकरण में चोरी कियें समानों को आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया।

**आरोपियो के कब्जे से बरामद सामान**

नगदी रकम 46000/ रू., सोने का मंगल सूत्र, सोने का हार, सोने का लाकेट कुल 10 नग, 6 नग सोने का मटर दाना, सोने का 02 नग टाप्स, 02 नग सोने की फूल्ली, सोने का 09 नग पीपर पत्ती, सोने का कढुवा, सोने का मांगमोती 01 नग,

चांदी का करधन 03 नग, चाबी रिंग 03 नग, चांदी का बाजूबंद 03 नग, चांदी का पायल 09 जोडी, चांदी का सिंदुर डिब्बा 01 नग, चांदी का कंगन 04 नग, चांदी का अंगुठी 13 नग, चांदी की बिछिया 32 नग, चांदी का चूड़ी 02 नग, चांदी का सिक्का 18 नग, चांदी का घुंघरू टूटा हुआ 4 नग, चांदी की ताबीज 01 नग।

इंडक्शन 01 नग, मोबाईल एसेसरिज चार्जर 11 नग, नेकबैण्ड 05 नग, ईयरफोन 01 नग, वाईफाई स्पीकर 02 नग, फोन कव्हर 01 नग, यूएसबी केबल 01 नग,

घटना में प्रयुक्त एक नग बजाज पल्सर एवं एक नग बजाज प्लेटिना, एक नग लोहे का औजार (रॉड) एक नग लोहे का चाकू, एक नग एयर पिस्टल, एक नग एचएमटी कंपनी की घड़ी, एक पैसा, 50 पैसा, 20 पैसा, 10 पैसा, 1 रूपया, 2 रूपया, 5 रूपया, 10 रूपया कुल 215 नग सिक्के।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम**

01. दुर्गेश नेताम उर्फ मल्लू पिता स्व. रामप्रसाद नेताम (28 वर्ष) निवासी ग्राम जांजगीर गोड़तल्ला तालाब भगत चौक वार्ड नं. 11 थाना सिटी कोतवाली जांजगीर

02. रामकुमार कश्यप उर्फ मोना पिता लतेल उर्फ लतेलू कश्यप (26 वर्ष)

03. महावीर कश्यप उर्फ खोदू पिता रामायण कश्यप उम्र (24 वर्ष)

04. आनंद उर्फ प्रभात कश्यप पिता छबिलाल कश्यप (20 वर्ष)

05. मंगल पांडे पिता कृष्णकुमार पांडे (40 वर्ष) सभी निवासी जर्वे (च) थाना जांजगीर

## छोटी बहन ने भैया को स्वयं की बनाई राखी बांधी



**बाराद्वार ।** भाई बहन के असीम प्रेम व अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का पावन पर बाजार में रौनक बढ़ जाती है. चाहे वह राखी , कपड़े , मिठाई , गिफ्ट , या अन्य का दुकान क्यों ना हो सभी जगह खरीददारी जमकर होती है. बहनें भी अपने भाइयों के लिए पसंदीदा राखी खरीद कर अपने भाइयों की कलाई में विधि विधान के साथ राखी बांधती हैं .यहाँ भाई बहन के बीच स्नेह और सुरक्षा के उत्सव को यादगार बनाए रखने के लिए बाराद्वार नगर की बच्ची मानसी यादव जो कक्षा पांचवी की छात्रा है ने बाजार की राखी के बदले अपने हाथों से ऊनी व सूती धागे से आकर्षक राखी बनाकर अपने भैया के कलाई में बांधकर भैया के प्रति अपने प्रेम को प्रदर्शित की है. जिसे देखकर भैया लोकित यादव के साथ साथ माता-पिता ने भी बच्ची की इस हुनर की प्रशंसा करते हुए उन्हें गिफ्ट प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया।

## विधायक ब्यास कश्यप ने किया सायकल वितरण



**जांजगीर-चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप ने हाईस्कूल रोगदा में सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत स्कूल के छात्राओं को सायकल का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरस्वती सायकल योजना के माध्यम से छात्राओं को सायकल का वितरण किया जाता है। छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में जो सबसे बड़ी बाधा होती है वह है घर से स्कूल के बीच की दूरी। सायकल मिल जाने से दूरी तय करना छात्राओं के लिए आसान हो जाता है। इससे बालिकाओं के स्कूल छोड़ने के दर में भी कमी आई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम की प्राविण्य सूची ये बताती हैं कि आज बालिकाएं किसी भी मायने में बालकों से कम नही हैं। उन्होंने स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं है।

इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल रोगदा के प्राचार्य अनूप कश्यप, ग्राम पंचायत रोगदा के सरपंच रमेश कुमार कश्यप, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अमरा लाल कश्यप, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर कश्यप, गांव के पंच जगदीश साहू, दूजराम कश्यप, रामेश्वर कश्यप, राकेश कुमार साहू, नवधा साहू,उप सरपंच लखन साहू, चूणामणी साहू, नत्थू खरसन, प्रज्ञा कौशिक, खलील मोहम्मद, प्रीतम कौशिक आदि उपस्थित थे।

## पीएम आवास योजना की नियमित करें मॉनिटरिंग :सीईओ गोकुल रावटे

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर लोगों तक पहुंच सके। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को स्वीकृति मिलने के बाद तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ कराने एवं हितग्राहियों को आवास शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रेरित करते हुए नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ श्री रावटे ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिन ग्राम पंचायतों में कचरा कलेक्शन की व्यवस्था है, वहां उपभोक्ताओं से निर्धारित शुल्क लिया जाए। जनपद पंचायतों में फिकल स्लज मैनेजमेंट सिस्टम और प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत मानव दिवस के लक्ष्य के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने, समयबद्ध मजदूरी भुगतान करने कहा। उन्होंने पी एम आवास योजना के साथ ही कृषि आधारित कार्यों पर विशेष फोकस करने कहा। बैठक में पूर्व स्वीकृत अधूरे कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने एवं सामाजिक अंकेक्षण एवं लंबित मामलों का निपटारा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक परिचर्चा और जन-जागरूकता रैली जैसी गतिविधियाँ आयोजित करने कहा।

## पेड़ सूखने से लोगों को जान का खतरा



**जांजगीर चांपा।** विवेकानंद मार्ग प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र के सामने पीपल के वृक्ष सुख जाने से यह लोगों के लिए जान का खतरा बन गया है जो कभी भी किसी के ऊपर गिर सकता है। जिसे काटने के लिए यादव कांप्लेक्स के लोगों ने अरुण विभागीय अधिकारी राजस्व एवं वन्य मंडल अधिकारी को लिखित में पत्र प्रेषित कर समस्या से अवगत कराया गया है। इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

विदित हो कि विवेकानंद मार्ग में यादव काम्पलेक्स के पास पीपल का विशाल वृक्ष सुख गया है जो कभी भी गिर सकता है एवं आने-जाने वालो के ऊपर खतरा बना रहता है इस पीपल के झाड़ का डंगाली पूर्ण रूप से सूख गया है और आधी तूफान आने पर कभी भी गिर सकता है जो आम लोगो के लिये काफी दुर्घटना को अंजाम दे सकता है जिससे जानमाल की हानी हो सकती है।

बताया जाता है कि उक्त पीपल का वृक्ष 100 वर्ष से अधिक हो गया है जो जड़ से पूर्णतः सुख गया है इस पेड़ की बड़ी-बड़ी टहनियां है जो पूरी तरह से सुख गई है थोड़ी बहुत हवा आने पर इस पीपल के पेड़ से डगाल का हिस्सा सीधा नीचे गिरता है जिससे आने-जाने वाले लोगों को कई बार लग चुका है तथा लोग चोटिल हो जा रहे हैं। इसे कटवाने के लिए यादव कंपलेक्स का सचालक मितेश कुमार यादव वार्ड नं. 17 जाजगीर यादव द्वारा अधिकारियों को कई बार निवेदन किया गया लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है शायद अधिकारियों को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है।

## मनरेगा लेबर बजट 2026-27 एवं गुड गवर्नेंस पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभाकक्ष में महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत लेबर बजट 2026-27 एवं गुड गवर्नेंस विषयों पर जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रोग्रामर और तकनीकी सहायकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सहायक परियोजना अधिकारी गौरव शुक्ला एवं सहायक प्रचार प्रसार अधिकारी देवेन्द्र कुमार यादव ने बताया गया कि लेबर बजट ग्रामीण श्रमिकों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने की वार्षिक कार्ययोजना है, जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यों की मांग के अनुसार सूची बनाई जाती है। इसका उद्देश्य समय पर कार्य उपलब्ध कराना, मजदूरी का त्वरित भुगतान करना और ग्रामीण क्षेत्रों में परिसंपत्तियों का निर्माण सुनिश्चित करना है। गुड गवर्नेंस के अंतर्गत योजनाओं के पारदर्शी, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

## ज्ञानोदय विद्यालय जांजगीर में मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**जांजगीर।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया ।



संस्था के प्राचार्य डॉ . सुरेश यादव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ शिक्षक - शिक्षिका एवं कार्यालयीन स्टॉफ द्वारा दीप प्रज्वलन और श्री कृष्ण के छाया चित्र पर धूप पूजन से हुई। इस अवसर पर विद्यालयीन नन्हे - मुन्ने बच्चों ने श्री कृष्ण और राधा के रूप में सजकर मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की।विद्यालय प्रांगण में माखन - चोरी,दही - हांडी,नृत्य और भजन - कीर्तन जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कक्षा- ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों ने श्री कृष्ण तथा सखा के रूप में सज - धजकर मटका फोड़कर सुंदर प्रस्तुति दी। श्री कृष्ण जन्म के अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया। विद्यालय प्राचार्य और शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में श्री कृष्ण के जीवन से शिक्षा लेने एवं सत्य,प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

## केबिनेट मंत्री देवांगन ने ध्वजा-रोहण कर परेड की सलामी ली





**कोरबा।** जिले में आजादी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुख्य समारोह कोरबा के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।साथ ही मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं स्कूली छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## साकेत भवन में महापौर ने फहराया झंडा

**महापौर, सभापति और आयुक्त ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं**

**कोरबा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम मुख्यालय साकेत भवन में ध्वजारोहण का आयोजन हुआ। इसके अंतर्गत महापौर, सभापति और आयुक्त ने राष्ट्रहित में एकजुट रहने का संदेश दिया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार सुबह नगर निगम मुख्यालय साकेत भवन में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पूरे सम्मान और उत्साह के साथ फहराया गया। उक्त ध्वजारोहण कार्यक्रम में महापौर, सभापति, नगर निगम आयुक्त सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर निगम महापौर ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने अपील की। सभापति ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए लोगों से देश के विकास के लिए एकजुट होकर काम करने का आग्रह किया। वहीं, आयुक्त ने अपने संदेश में कहा कि हमें देश की



एकता, अखंडता और गौरव को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों की मधुर धुनों से माहौल गूंज उठा। सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और देश की प्रगति के लिए संकल्प लिया।

## जय सिंह ने स्वाधीनता दिवस पर दी बधाई

**कोरबा।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोरबावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है । श्री अग्रवाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि 78वाँ स्वतंत्रता दिवस के



अवसर पर हम कामना करते हैं कि देश प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। श्री अग्रवाल ने कहा कि कई दशकों के संघर्ष व हजारों हजार बलिदानियों के बलिदान के बाद गुलामी की जंजीर टूटी और हमारा देश स्वतंत्र हुआ । स्वधीनता आंदोलन में अनगिनत भारतीयों ने शहादत और कुर्बानी दी। हम स्वाधीनता आंदोलन के सभी नायकों को नमन करते हैं ।

गर्व से लहराता तिरंगा बलिदानियों की याद दिलाता है । श्री अग्रवाल ने कहा कि आज हम सबको मिलजूलकर क्रांतिवीरों के योगदान को याद करने और उनके विजन पर चलने जरूरत है।

## कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण

**कोरबा।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने सभी अधिकारी/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

**अधिकारी/कर्मचारियों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु किया प्रेरित**

कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने इस अवसर पर जिला कार्यालय परिसर स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर पूजा-अर्चना भी की। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने देशभक्ति से संबंधित भाषण, गीत और कविता प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री वसंत ने उपस्थित सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए वीर शहीदों को नमन किया।

उन्होंने आगे कहा कि हमारा देश विकास के पथ पर अग्रसर है। यह हम सबका नैतिक दायित्व है कि हम देश की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएं। देश के महानायकों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर उनके



दिखाए पथ पर चलते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। श्री वसंत ने कहा कि देश के सभी नागरिक अपने स्तर पर देश की सेवा करते हैं। हम सबको कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद शासकीय सेवा का जो अवसर मिला है, उसके महत्व को समझें, अपने पद की गरिमा को बनाए रखें और अपने कर्तव्यों का समर्पण भावना के साथ समय पर पूरा करने का प्रयास करें। आप सभी जिला प्रशासन के महत्वपूर्ण अंग है। सरकार और आम जनता की हमसे जो अपेक्षाएं है, उसे पूरा करने में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी निभाएं। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को टीम के रूप में कार्य करते हुए शासकीय योजनाओं का उत्कृष्ट और बेहतर तरीके से जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन कर आमजनों को लाभ पहुँचाने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, संयुक्त कलेक्टर मनोज बंजारे व श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, ऋचा सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

### अनोखी पहलः पुलिस ने 81 वर्षीय वृद्धा से करवाया ध्वजारोहण

**कोरबा।** ऊर्जाधानी में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सर्वमंगला चौकी प्रभारी ने ऐसा कदम उठाया, जिसने इंसानियत और सम्मान की नई मिसाल पेश कर दी। शहर के सर्वमंगला चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक विभव तिवारी ने इस बार ध्वजारोहण न खुद किया और न ही किसी वीआईपी को बुलाया, बल्कि प्रशांति वृद्धा आश्रम में रहने वाली 81 वर्षीय लक्ष्मीन बाई को ससम्मान आमंत्रित कर तिरंगा फहराने का अवसर दिया। ध्वजारोहण के दौरान लक्ष्मीन बाई भावुक हो उठीं और उनकी आंखों से खुशी के आंसू झलक पड़े।

### भाजपा ने किया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आयोजन,निकाली मौन रैली

**कोरबा।** भाजपा द्वारा 14 एवं 15अगस्त 1947 की दरमियां रात हुए नरसंहार की गाथा को आम जन तक पहचाने के उद्देश्य से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री श्रीमती हर्षिता पांडे शामिल रही! जिनका पुष्पगुछ के साथ स्वागत किया गया आयोजन के प्रारंभ में आमंत्रित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतागण कोरबा की आम जनता प्रेस मीडिया एवं स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए जिनके द्वारा कोरबा शहर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित चौक से मौन यात्रा निकालते हुए कार्यक्रम स्थल पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रांगण पहुंचे! जहां अतिथियों ने दीप जलाकर मां सरस्वती की प्रतिमा मे माला अर्पण किया गया!


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./निर्माण/2025 दिनांक 13.08.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत दर्री जोन अंतर्गत 21 शासकीय स्कूलों में किचन शेड का निर्माण कार्य(प्रथम निविदा)(DMF) | 73.00 | 03.09.2025 (T.No.173665) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

सर्वमंगला नगर जोन

फा.क्र./875 / निर्माण (सर्वमंगला नगर जोन)/2025/ कोरबा, दिनांक 08.08.2025

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 25-07-2025 को सायं 3.00 बजे तक स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि -25.08.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की तिथि से -25.08.2025 सायंकाल 4:30 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में |
|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 54 अंतर्गत उप स्वास्थ्य के पास चबूतरा का निर्माण कार्य। (पार्षद मद 2024-25) (द्वितीय निविदा) | 7,00,000/- |

नगर निगम के विभागीय वेबसाइट Website :www.korbamunici-pal.in एवं www.uad.cg.gov.in से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

इंतजार करना बंद करो, क्योकिं सही समय कभी नही आता.

## मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर विवाद

*देश के चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि कानूनन चुनाव निकाय को मसौदा मतदाता सूची से गायब लोगों के नामों की अलग से सूची तैयार करने/साझा करने या किसी भी कारण उनके नाम न शामिल करने के कारणों को प्रकाशित करने की जरूरत नहीं है। अदालत को गुमराह करने के लिए याचिकाकर्ता के खिलाफ अवमानना कार्रवाई का आग्रह करते हुए आयोग ने पूरक हलफनामे के साथ दायर अन्य जवाब में कहा- अधिकार के तौर पर वे ऐसी कोई सूची नहीं मांग सकते। अपने मामले की पुष्टि के लिए आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 तथा मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के नियम 10 व 11 का हवाला दिया। बिहार में इस विवादित मसौदा सूची में 7.24 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल हैं, जिसमें पैंसठ लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर विवाद है।*

*आयोग का दावा है, वे या तो मर चुके हैं या पलायन कर चुके हैं। हालांकि इस दावे का आधार बहुत सतही मालूम पड़ता है। याचिकाकर्ता गैर-सरकारी संगठन द्वारा इन गैर-मौजूद नामों की सूची कारण के साथ उपलब्ध कराने की मांग के बाद आयोग ने अपना जवाब दाखिल किया। आयोग का कहना है, उसने अपने दायित्व कानून के दायरे में पूरे किये और नियमानुसार निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी को मसौदा सूची की प्रति उपलब्ध कर दी। साथ ही प्रत्येक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को सूची की दो प्रतियां प्रदान करने की व्यवस्था भी है। आयोग के अनुसार छूटे नामों वाले मतदाता बूथस्तरीय एजेंटों व अन्य माध्यमों से संपर्क कर सकते हैं, परंतु सवाल है कि जो मतदाता वास्तव में दूर-दराज या राज्य से बाहर हैं, वे अपना नाम सूची में जांचने के लिए बारंबार लौट नहीं सकते। हालांकि आयोग ने पहली सितम्बर तक दावा या आपत्तियां दर्ज कराने का समय दिया है, परंतु यह आश्रितों, कमजोर आयवर्ग वालों व अशिक्षितों के लिए मात्र रस्म अदायगी लग रहा है। बड़ी संख्या में अप्रवासी मजदूरों से मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए लौटना ज्यादा ही आशा करने सरीखा है। हैरत है, आधारकार्ड/पैन व जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्रों को आवश्यक बताए जाने के बावजूद संबंधित विभागों से संपर्क करने जैसी व्यवस्थाएं करने में सरकारें और अफसरशाही बुरी तरह असफल हैं। आरोपों-प्रत्यारोपों के दरम्यान यह केंद्र का जिम्मा है कि वह ऐसे ठोस पहचान-पत्र की व्यवस्था करे, जिसमें नागरिकों की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सके।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इजाफा होगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। किसी मित्र से सहयोग मिलने से बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी, जिससे अधिक लाभ मिलेगा। आज आप शुभ काम की शुरुआत करेंगे। छात्रों को अच्छे रिजल्ट के लिए अपनी मेहनत को जारी रखने की जरूरत है।

**वृष राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। सामाजिक कार्यों की अपेक्षा अपनी व्यक्तिगत कार्य पर अधिक ध्यान दें क्योंकि आज लिया गया निर्णय निकट भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होने वाला है।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। अनुभवी व्यक्ति आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज अपने व्यवहार को सहज बनाकर रखें।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे। किसी जरूरतमंद की आज आप मदद करेंगे, जिससे आपको आशीर्वाद मिलेगा। घरवालों के साथ पार्टी का विचार बनायेंगे, जिससे खुशी बढ़ेगी। किसी नए काम का नया अनुभव मिलेगा।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। रिश्तों की गरिमा बनाकर रखने से परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान- प्रदान करना रिश्ते में मधुरता लाएगा। मानसिक सुकून और शांति की चाह में एकांत स्थल पर कुछ समय अवश्य बिताएं।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। आज आप भविष्य को लेकर किसी अनुभवी से विचार विमर्श करेंगे। आज ऑफिस में ज्यादा कार्यभार रहेगा। आज सरकारी सेवारत लोगों को ऑफिस संबंधी किसी बदलाव की सूचना मिल सकती हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज गुस्से की बजाय धैर्य से परिस्थितियों को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**धनु राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा। रुकी हुई योजनाएं फिर से चालू हो जायेंगी।

**मकर राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप रुके कार्यों को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। बेवजह की उलझन दूर होगी और पेट संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आपका दांपत्य जीवन खुशनुमा रहेगा, आप किसी धार्मिक स्थान पर घूमने का मन बनायेंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आँखों की समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे, जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

# भारत की स्थिति चीन से बहुत भिन्न

//डॉ. प्रभात दीक्षित //

**दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश रहे चीन को आज अपनी घटती जनसंख्या की भरपाई के लिए बड़ी आर्थिक योजनाएं लानी पड़ रही हैं। चीन ने घोषणा की है कि वह तीन साल से कम उम्र के प्रत्येक बच्चे के लिए सालाना 3,600 युआन यानी लगभग 1,500 डॉलर (1.25 लाख रु पये) की नकद मदद देगा। यह योजना जनसंख्या को बढ़ावा देने के लिए लाई जा रही है क्योंकि चीन की जन्म दर ऐतिहासिक रूप से नीचे पहुंच गई है। 2023 में चीन की कुल जनसंख्या में 61 वर्षों में पहली बार गिरावट दर्ज की गई। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, चीन की टोटल फर्टिलिटी रेट सिर्फ 1.09 है, जबकि जनसंख्या को स्थिर बनाए रखने के लिए 2.1 का स्तर जरूरी होता है।**

यह उदाहरण दिखाता है कि जनसंख्या नियंत्रण सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है, यह सामाजिक, आर्थिक और रणनीतिक रूप से एक बेहद संवेदनशील विषय है। भारत ने 2023 में चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश बनने का 'टैग' प्राप्त किया, लेकिन भारत की स्थिति चीन से बहुत भिन्न है। भारत में नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे -5 के अनुसार, कुल प्रजनन दर अब 2.0 पर आ गई है-यह भी रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे है। इसका मतलब यह है कि भारत की जनसंख्या अब धीरे-धीरे स्थिर हो रही है, और भविष्य में इसमें गिरावट की संभावना भी जताई जा रही है। इस स्थिति को सकारात्मक नजरिए से देखा जाए तो यह भारत के लिए एक डेमोग्राफिक डिविडेंड का सुनहरा अवसर है।

भारत में अभी भी 65त्न से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। इसका मतलब यह है कि हमारे पास कामकाजी युवाओं की बड़ी फौज है, जो आने वाले वर्षो में देश की आर्थिक विकास यात्रा को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। चीन आज जिस संकट से जूझ रहा है जहां बूढ़ी होती जनसंख्या के साथ कामकाजी हाथ कम होते जा रहे हैं, भारत उस स्थिति से अभी दूर है। भारत को यहां एक संतुलित नीति अपनाने की जरूरत है। न तो अंधाधुंध जनसंख्या बढ़ाने की सोच हो, न ही अतिवादी नियंत्रण की।

भारत के कई दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी राज्यों में पहले ही जनसंख्या वृद्धि रु क गई है। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अब 1.6 से 1.8 के बीच है, जो चिंता का विषय है। वहीं बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड जैसे राज्यों में अभी भी 2.5 के आसपास है। ये क्षेत्रीय असंतुलन भविष्य में सामाजिक और आर्थिक ढांचे को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए एक सकारात्मक रणनीति यह होगी कि हम जनसंख्या वृद्धि की जगह जनसंख्या की गुणवत्ता पर ध्यान दें।

भारत को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। अगर हम यह सुनिश्चित कर सकें कि हर बच्चा स्कूल में जाए, हर महिला को स्वास्थ्य सुविधा और बराबरी का अवसर मिले और हर युवा को हुनरमंद बनाया जाए, तो यही जनसंख्या हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी। इसके साथ ही, भारत को आने वाले दशकों में बुजुगरे की संख्या बढ़ने की संभावना को भी समझना होगा और उनके लिए स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना होगा। आज जब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं जनसंख्या की कमी से जूझ रही हैं जैसे जापान, कोरिया, इटली, रूस और अब भारत के पास एक बड़ा अवसर है कि वह अपने डेमोग्राफिक एडवांटेज को आर्थिक व सामाजिक प्रगति में बदल सके।

इसके लिए नीति-निर्माताओं को दीर्घकालिक सोच अपनानी होगी। शिक्षा और रोजगार को केंद्र में रखकर भारत यदि अपनी युवा शक्ति को अवसर दे, तो जनसंख्या कभी बोझ नहीं बनेगी। चीन आज जिन योजनाओं को लागू कर रहा है बच्चों के पालन-पोषण में आर्थिक सहायता, मातृत्व अवकाश, डे-केयर सुविधा और सामाजिक सुरक्षा वह भारत के लिए संकेत हैं कि हमें भी समय रहते अपने सामाजिक ढांचे को मजबूत करना होगा। हालांकि भारत की आर्थिक स्थिति चीन से अलग है, लेकिन नवाचार और सामुदायिक सहयोग से हम एक ऐसा मॉडल बना सकते हैं जिसमें जनसंख्या को लाभ में बदला जा सके।

भारत को यह भी समझना होगा कि जिस जनसंख्या को आज वह अपनी शक्ति मान रहा है, वही आने वाले समय में चुनौतियों का कारण भी बन सकती है यदि उसे सही दिशा, शिक्षा और अवसर न मिले। चीन के ताजा निर्णय से भारत को यह भी सीखने को मिलता है कि परिवार और बच्चों के पालन-पोषण को आसान और सम्मानजनक बनाना क्यों जरूरी है। भारत के शहरी क्षेत्रों में भी अब छोटे परिवार और देर से विवाह करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यदि भारत सरकार भविष्य में प्रजनन दर में गिरावट देखे तो उसे समय रहते सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, पितृत्व/मातृत्व अवकाश और कार्यस्थल पर बच्चों की देखरेख जैसे उपायों को संस्थागत बनाना होगा। जनसंख्या को बोझ नहीं, बल्कि भविष्य की पूंजी समझने का वक्त आ गया है। यही समय है जब हमें जनसंख्या नियंत्रण से आगे बढ़कर जनसंख्या निवेश की नीति अपनानी चाहिए।

# एकपक्षीय सीमा शुल्क बढ़ाना अन्यायपूर्ण और अनुचित

//अवधेश कुमार//

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जब तक हम टैक्स या शुल्क का मामला सुलझा नहीं लेते तब तक भारत के साथ व्यापार वार्ता नहीं होगी। दोबारा राष्ट्रपति पद संभालने के बाद ट्रंप के व्यवहार में जितनी अस्थिरता और उतार चढ़ाव है उसमें आगे वे क्या करेंगे कहना कठिन है । तत्काल यह ऐसी स्थिति है जिसमें भारत को सामूहिक राष्ट्रीय भावनाओं को अभिव्यक्त करना है तो दूसरी ओर अपनी क्षमता को समझ साहस के साथ व्यावहारिक दृष्टि से सामना करते हुए रास्ता भी निकालना है।**

ट्रंप ने पहले 25 प्रतिशत टैरिफ या आयात शुल्क लगाया जो 7 अगस्त से प्रभावी है और पुन~ एक कार्यकारी आदेश पर उन्होंने हस्ताक्षर किए जिससे रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है जो 27 अगस्त से लागू होगा। इस तरह 50 प्रतिशत का यह सीमा शुल्क अमेरिका द्वारा दुनिया में किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक सीमा शुल्कों में से एक है। भारत की प्रतिक्रिया बिल्कुल स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि हम अपने किसानों और डेयरी क्षेत्र में लगे लोगों की हर कीमत पर रक्षा करेंगे और इसमें हमको निजी क्षति भी उठानी पड़ेगी। किसी व्यापारिक साझेदार देश के विरु द्ध बगैर किसी अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन के एकपक्षीय सीमा शुल्क बढ़ाना यानी जुर्माना लगाना अंतरराष्ट्रीय मानकों के विपरीत है।

यह अन्यायपूर्ण और अनुचित दोनों है। हम यह भी मानते हैं कि अमेरिका के साथ सीमा शुल्क बढ़ने से भारत नष्ट नहीं हो जाएगा और दुनिया में उसके लिए निर्यात के रास्ते बंद नहीं होंगे। अमेरिका के उत्पादकों के लिए भी इतना बड़ा बाजार छोड़ना आसान नहीं होगा कि पूरी तरह व्यापारिक रिश्ते ही समाप्त हो जाए। किंतु यह तर्क भी व्यावहारिक दृष्टि से गले नहीं उतरता कि 1971 में अमेरिका ने सातवां बेड़ा भेज दिया हमने फिर भी बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में सफलता प्राप्त की या अमेरिका ने अकाल के समय मदद नहीं दिया या भारत के परमाणु विस्फोट के बाद प्रतिबंध लगा दिया, क्रायोजेनिक इंजन नहीं दिया फिर भी हम एक राष्ट्र के नाते आज दुनिया के शीर्ष देश की श्रेणी में खड़ा होने की स्थिति में हैं।

वास्तव में ये बातें तब की हैं जब भारत के लिए निर्यातक देश होने की कल्पना कठिन थी। पिछले वित्त वर्ष में भारत का कुल निर्यात 821 अरब डालर था। इनमें 437.42 अरब डॉलर का वस्तु निर्यात और 383.51 अरब डॉलर का सेवा निर्यात शामिल है। इसमें सबसे ज्यादा अमेरिका को 88 अरब डॉलर निर्यात किया गया था। भारत के कुल निर्यात में अकेले अमेरिका की हिस्सेदारी 23त्न है। भारत के लिए इतने व्यापार अधिशेष यानी व्यापारिक लाभ वाला अमेरिका ऐसा अकेला देश है। अमेरिका के बढ़े सीमा शुल्क का असर भारत के अमेरिका को होने वाले 50-55 प्रतिशत निर्यात पर पड़ेगा। इससे वस्तु निर्यात में गिरावट की संभावना है। भारतीय माल जब अमेरिका में 30-35 प्रतिशत महंगा होगा तो समस्या आएगी। इसकी तत्काल भरपाई संभव नहीं। इसका असर विकास पर कितना होगा इसे लेकर अलग-अलग आकलन है।

एक व्यवहारिक आकलन यही है कि विकास दर में .4 प्रतिशत की कमी आ सकती है। यही नहीं कपड़ा और परिधान क्षेत्र में 17 लाख, अपैरल में 13 लाख, रसायन और रसायन उत्पादन क्षेत्र में 10 लाख , चमड़ा क्षेत्र में चार लाख तथा रत्न एवं आभूषण में तीन लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। इसके अलावा इनमें परोक्ष रोजगार प्राप्त करने वालों की संख्या भी बहुत बड़ी है। तो एक बड़े भाग के रोजगार पर असर पड़ सकता है। अमेरिका की रिटेल कंपनियां अमेजॉन, वॉलमार्ट , टारगेट और गैप ने भारतीय निर्यातकों को अगले आदेश तक शिपमेंट रोकने को कहा है। व्यावहारिक स्तर पर इसका अनेक क्षेत्रों में नुकसान होगा जिसमें सर्वप्रमुख है कपड़ा और परिधान। अमेरिका भारत के कपड़ा और परिधान का सबसे बड़ा ग्राहक है। भारत द्विपक्षीय व्यापार वार्ता द्वारा इसे सुलझाने की कोशिश कर रहा था। अमेरिकी मांगों को स्वीकार करना या उनके दबाव के आधार पर निर्णय करना भारत के लिए न संभव था और न व्यावहारिक ही होता। कृषि और डेयरी उत्पादों में अमेरिका अपने किसानों को जबरदस्त सब्सिडी देता है जिस कारण उनके उत्पाद सस्ते होते हैं। दूसरे, अमेरिका अपने गायों को चारा में मांसाहार भी कराता है जबकि भारत में दूध और उसके सारे उत्पादन निरामिष और वैष्णव भजन की श्रेणी में आते हैं।

यह ऐसा संस्कृतिक अंतर है जिसे किसी सूरत में पाटा ही नहीं जा सकता। भारत में जीएम फूड और बीज का उपयोग नहीं किया जा सकता जबकि अमेरिका इसके लिए दबाव डाल रहा है। कृषि क्षेत्र के बाजार को अमेरिकी कल्पना के अनुरूप खोला ही नहीं जा सकता। रूस से तेल खरीदने का विषय भी जटिल है। व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि भारत अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल रूसी तेल खरीदने में कर रहा है और यही पैसा रूस अपने हथियारों के लिए इस्तेमाल करता है। अगर भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे तो उसे 1.2 अरब डॉलर का अतिरिक्त आयात बिल चुकाना पड़ेगा।

2022 से रूसी तेल की खरीद में काफी वृद्धि हुई। आज भारत के तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 35.01त्न है। हालांकि भारत ने धीरे-धीरे रूसी तेल आयात में कमी लाई है क्योंकि 2022 में अमेरिका और यूरोप द्वारा रूसी तेल मूल्य पर कैप लगाने से भारत को काफी मुनाफा हुआ। अमेरिका के अंदर ट्रंप की इस नीति के विरु द्ध कई स्तरों पर आवाज उठ रहे हैं। संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के सदस्य ग्रेगडी मिक्स ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ युद्ध ने अमेरिका भारत साझेदारी को मजबूत बनाने के वर्षो में किए गए काम को जोखिम में डाल दिया है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बौल्टन ने लिखा है कि चीन के मुकाबले भारत पर कठोर व्यापार शुल्क लगाना ट्रंप की बड़ी भूल है। मित्र और दुश्मन दोनों पर समान रूप से शुल्क लगाकर अमेरिका ने दशकों में बनी भरोसे की पूंजी कमाई है। सीमा शुल्क बढ़ने से उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद महंगे होंगे और अनेक क्षेत्रों में नौकरियां जानें आदि की समस्याएं पैदा हो रही है। भारत दबाव में आने वाला देश नहीं है और इससे हमें कोई लाभ भी नहीं होने वाला।

# संघ नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच कुछ मतभेद हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजकल कुछ संयत और चुप से हैं, विशेषकर भारतीय जनता पार्टी के मामलों को लेकर वे अटल बिहारी वाजपेई की राह पर चल पड़े हैं जब संघ प्रमुख स्व कुप्प सी सुदर्शन से उनके तत्कालीन सुरक्षा सलाहकार ब्रजेश मिश्र को लेकर मतभेद हो गया था।अबकी बार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष को लेकर मतभेद उभर कर सामने आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत हम उम्र हो कर एक साथ प्रचारक बने हैं। नरेंद्र मोदी

1977 में विभाग प्रचारक हो गए थे। उसके बाद उन्हें जनसंघ में अहमदाबाद संगठन मंत्री बना दिया। मोहन भागवत ने राजनीति में जाने का प्रयास नहीं किया। मोहन भागवत ने ही संघ प्रमुख के रूप में तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह को 2013 में गोवा अधिवेशन में 2014 में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार नरेंद्र मोदी को घोषित कर ने का आदेश दिया।

हालांकि संघ के प्रमुख पदाधिकारी 2007 में मुख्यमंत्री रहते नरेंद मोदी से खुश नहीं थे क्योंकि गुजरात के मुख्यमंत्री रहते नरेंद्र मोदी बेलगाम थे। लेकिन मोहन भागवत के संघ प्रमुख बनने के बाद वे संघ की पसंद बने ।संघ और भाजपा के रिश्तों पर नजर रखने वाले अरुण शौरी ने एक बार इंडियन एक्सप्रेस में 1999 में एक लेख लिखा था कि संघ अटल बिहारी वाजपेई से खुश नहीं हैं लेकिन संघ के समक्ष कोई रास्ता भी नहीं है क्योंकि तब अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे और वे कतई संघ के न तो पसंद थे न ही वह संघ के राम मंदिर, अनुच्छेद 370, कॉमन सिविल कोड की दिशा में कोई काम कर रहे थे बल्कि उन्होंने तो बकायदा सार्वजनिक रूप से कहा था कि वे एनडीए के प्रधानमंत्री मंत्री हैं। नरेंद्र मोदी ने भी अब अटलजी की राह पकड़ली है हालांकि 2024 से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संघ के प्रिय थे लेकिन 2024 में जैसे ही भारतीय जनता पार्टी की सीटे 303 से घटकर 240 पर आई वैसे ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख ने आपदा में अवसर ढूंढना शुरू कर दिया। संघ ने यह पहली बार नहीं किया बल्कि 2009 में लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में लोकसभा चुनावों में 132 सीटे रह जाने पर आडवाणी को हटा ने का फैसला किया और मौका पाकर पाकिस्तान में जिन्ना की मजार जो उन्होंने कहा उसे घोर निंदा का विषय बनाया और संघ ने बकायदा लालकृष्ण आडवाणी के वक्तव्य से अपनी विचार धारा को अलग कर लिया। परिणाम स्वरूप लालकृष्ण आडवाणी को नेताप्रतिपक्ष पद छोड़ना पड़ा और सुषमा स्वराज ने पद सम्हाला। लेकिन संघ ने 2013 तत्कालीन अध्यक्ष राजनाथ सिंह को बकायदा हुक्म दिया कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाय। राजनाथ सिंह ने ऐसा ही किया।

अगर संघ और भाजपा के रिश्तों की समीक्षा की जाए तो एक पुस्तक लिखी जा सकती है।इस दृश्य को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिया है।संघ मामलों के जानकार सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा है कि मोदी संघ के कभी पसंद नहीं रहे उन्हें तो अटलजी ने मुख्यमंत्री बनाया और पोषित किया लाल कृष्ण आडवाणी ने। कहा जाता है कि आडवाणी ने गुजरात दंगों के समय अटल बिहारी वाजपेई को नरेंद्र मोदी से इस्तीफा न लेने के लिए मनाया। लेकिन उस समय संघ हिन्दू विचारधारा के कारण साथ था। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को सोनिया गांधी द्वारा प्रताड़ित करने पर संघ ने नरेंद्र मोदी का साथ दिया।अब बात करते वर्तमान समय की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ हमेशा भारतीय जनता पार्टी में गहरी दखल रखता है क्योंकि लगभग भाजपा नेता संघ से ही आए हैं जिनमें राजनाथ सिंह, अमित शाह,जेपी नड्डा, धर्मेंद प्रधान, मनोहरलाल कट्टर, और लगभग एक दो छोड़कर सभी, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, अश्वनी वैष्णव, ।सहित सभी मुख्यमंत्री, हेमंत शर्मा को छोड़कर,यहां तक कि कार्यकर्ता भी संघ के ही है।तत्कालीन संघ प्रमुख गुरु गोलवलकर ने उन्हें राजनीतिक दल बनाने का काम दिया था। उसके बाद 1954 से अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, सुंदर सिंह भंडारी, मदनलाल खुराना, कृष्ण चंद्र शर्मा को , संघ जनसंघ भजा।अब संकट यह है कि संघ चाहता है कि पार्टी अध्यक्ष पद पर ऐसा व्यक्ति बैठे जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से पूछताछ कर सके।जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता दो केंद्र नहीं बनना देना चाहते हैं।इसी लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप और संयत हैं और दूर से खेल को देख रहे हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और के.पी. मौर्य के साथ लखनऊ में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान।



उत्तरकाशी के हरसिल क्षेत्र में बादल फटने से आई बाढ़ के बाद बनी एक अस्थायी झील।




टीवी कलाकार मोना वासु, तथा विभिन्न पशु अधिकार संगठनों के कार्यकर्ता, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अधिकारियों को दिए गए आदेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।



नोएडा के सेक्टर 16 के पास बारिश के बाद ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन।



शिमला के रामपुर क्षेत्र में बादल फटने से हुई भारी बारिश के कारण एक पुल ढह गया।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के जनजातीय समुदायों के 30 मेधावी उच्चतर माध्यमिक छात्रों के साथ बातचीत करते हुए।



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन वार्षिक संस्करण, 2025 के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित थीं।

# अब तक 60 की मौत... किश्तवाड़ में बादल फटने से हाहाकार, हजारों लोगों को बचाने में जुटी सेना

**जम्मू, 15 अगस्त [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के अंतर्गत किश्तवाड़ के गांव चिसौती में बादल फटने की घटना से अब तक 60 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 100 से ज्यादा घायल हैं। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दी। वहीं, बचाव कार्य तेज कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, मचेल गांव में हजारों लोग अभी फंसे हुए हैं। इन्हें निकालने के लिए एडीआरएफ और अर्धसैनिक बल के जवान जुटे हुए हैं। बादल फटने की घटना से पुल और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इसलिए थोड़ा रास्ता बनाकर उन्हें एकएक कर निकाला जा रहा है। इसके बाद लापता लोगों को खोजने के लिए ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की एक टीम शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के बादल फटने से प्रभावित चिसोती गांव पहुंची। इस बीच 167 लोगों को बचाया गया है। वहीं, शुक्रवार को उमर अब्दुल्ला ने बताया कि मृतकों की संख्या 60 पहुंच गई है। जबकि 100 से ज्यादा लोगों घायल अवस्था में है। किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज शर्मा ने बताया कि NDRF की टीम गांव में चल रहे अभियान में शामिल हो रही है। वे देर रात गुलाबगढ़ पहुंच गए हैं। अभियान की निगरानी कर रहे शर्मा ने कहा कि खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर नहीं चल सके, इसलिए टीम उधमपुर से सड़क मार्ग से आई। अधिकारियों ने बताया कि दो और टीमें रास्ते में हैं और ज्यादा नुकसान होने के कारण वे भी अभियान में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि सेना ने खोज और बचाव अभियान को तेज करने के लिए एक और टुकड़ी भी शामिल की



है। राष्ट्रीय राइफल्स के जवान भी अभियान में शामिल हो गए हैं। अधिकारी ने बताया कि 60-60 जवानों वाली पाँच टुकड़ियां, कुल 300 जवान, व्हाइट नाइट कोर की चिकित्सा टुकड़ियों के साथ, ज़मीन पर मौजूद हैं और पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य नागरिक एजेंसियों के साथ मिलकर लोगों की जान बचाने और ज़रूरतमंदों की मदद करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं।

जम्मू के किश्तवाड़ से तकरीबन 90 किलोमीटर दूर चशौती गांव के मचैल माता मंदिर में बादल फटा। तकरीबन नौ हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद मचैल माता मंदिर जाने के लिए यहां से करीब आठ किलोमीटर पैदल चढ़ाई करनी पड़ती है। आपदा के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां टैंटों में रुके हुए थे, तभी बादल फटने से अचानक सैलाब आया। लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही सैलाब सब कुछ बहाकर ले गया।

## नूंह में दर्दनाक हादसा, कालकाजी से दर्शन कर लौट रहे दो युवकों की मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले में आज को एक दर्दनाक हादसा हो गया।दिल्ली कालकाजी से दर्शन कर कार से लौट रहे दो युवाओं की सड़क हादसे में मौत हो गई।बताया गया कि युवाओं की कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई थी। मृतक की पहचान राहुल निवासी तावडू 28 वर्ष और अजय 30 वर्ष बताई गई है।वहीं, पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। साथ ही पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा शुक्रवार अल सुबह लगभग 3ः00 के करीब शिकारपुर गांव के मोड़ से आगे हुआ।

## सीएम विष्णुदेव साय ने 79वां स्वतंत्रता दिवस पर रायपुर में फहराया तिरंगा



**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव साय ने 79वां स्वतंत्रता दिवस पर रायपुर में फहराया तिरंगा। सीएम विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने कहा कि यह पावन अवसर हमें अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए एकजुट होकर 'विकसित छत्तीसगढ़' और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। उक्त प्रदर्शनी में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाली छत्तीसगढ़ की विभूतियों की जीवनी सचित्र देखने को मिलेगी। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू की गई महत्वाकांक्षी व जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी होगी। इसके साथ ही इस बार वर्चुअल रियलिटी तकनीक के जरिए भी छत्तीसगढ़ से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से रू-ब-रू कराया जाएगा। टाउन हॉल में प्रदर्शनी के अलावा कोन बनही गुनिया प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी होगी, जिसमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। 2 देश के उन्यासीवें (79वें) स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ हम छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 गौरवशाली वर्षों की विकास यात्रा को ''छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव'' के रूप में मना रहे हैं। मुझे आपसे यह बात साझा करते हुए खुशी हो रही है कि हम आज के इस शुभ दिन से छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का शुभारंभ कर रहे हैं। आप सभी की भागीदारी से हम इस महोत्सव को अविस्मणीय बनाएंगे। आज का दिन परलकोट विद्रोह के नायकों के पुण्य स्मरण का भी है। देश की आजादी की लड़ाई में स्वर्णिम अक्षरों में लिखे गये परलकोट विद्रोह के 200 वर्ष पूरे हो गए हैं। आज भी शहीद गेंदसिंह की वीरता के किस्से पीढ़ी दर पीढ़ी प्रदेश की जनता उतने ही गौरव भाव से सुन रही है। 4 भूखे और उत्पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए शहीद वीरनारायण सिंह द्वारा की गई लड़ाई को कौन भूल सकता है।

## धर्मशाला में दर्दनाक हादसा, खाई में पिकअप गाड़ी गिरने से चार लोगों की मौत



**धर्मशाला, 15 अगस्त [एजेंसी]।**

धर्मशाला के निकट योल पुलिस चौकी के अंतर्गत शुक्रवार सुबह लगभग 7.30 बजे जदरांगल के समीप इक्कू खड्ड मोड़ पर एक यात्री वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग और आसपास के वाहन चालक तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। कुछ ही देर में पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई।पुलिस के अनुसार, वाहन में 20 से 25 यात्री सवार थे। यह वाहन पंजाब के मोगा जिले से बताया जा रहा है। हादसे में मौके पर ही एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। मृतकों में दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं।सदर थाना पुलिस धर्मशाला के प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि सभी घायलों को डा. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज, टांडा में भर्ती करवाया गया है। इनमें से कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम लगातार घायलों का इलाज कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन चालक का नियंत्रण खोना मुख्य वजह मानी जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पंजाब में भी बारिश ने बरपाया कहर, कपूरथला में 48 घंटे में तीसरा बांध टूटा, बाढ़ की चपेट में 30 गांव

**जालधंर, 15 अगस्त [एजेंसी]।**

पंजाब में वीरवार को कई जिलों में दिन भर वर्षा हुई। सावन के बाद भादों में हुई भारी वर्षा के कारण शहरों के साथ-साथ हाईवे पर जलभराव के कारण आवागमन प्रभावित रहा। पहाड़ों में हो रही वर्षा के कारण पौंग बांध का जलस्तर वीरवार को 1377.19 फीट तक पहुंच गया। बांध से पानी छोड़े जाने के कारण ब्यास दरिया खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। कपूरथला, होशियारपुर, गुरदासपुर, अमृतसर, फाजिल्का व फिरोजपुर में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। कपूरथला में 48 घंटे के भीतर तीसरा अस्थायी बांध टूटने से लगभग 30 से ज्यादा गांव पानी से घिर गए हैं। यहां से लोग सुरक्षित स्थानों पर पलायन कर रहे हैं। मौसम विभाग ने राज्य में शुक्रवार और शनिवार को भारी वर्षा को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। वीरवार को होशियारपुर में सबसे अधिक 62 एमएम वर्षा रिकार्ड की गई, जबकि



लुधियाना में 39.6, अमृतसर में 14 एमएम, शहीद भगत सिंह नगर में 15 एमएम, रूपनगर में 10.5 एमएम, संगरूर में 6 एमएम और फरीदकोट में 5 एमएम वर्षा हुई। ब्यास दरिया का जलस्तर बढ़ने से कूपथला के सुल्तानपुर लोधी हलके के मंड क्षेत्र पानी में डूब चुका हैं। गांव भैणी कादर, गांव महिवाल के बाद वीरवार को मंड शेरपुर के पास एक और अस्थायी बांध टूट गया, जिससे मंड क्षेत्र के कई गांवों में पानी भरने के साथ-साथ तरनतारन जिले के कई गांवों में भी बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। 7,000 एकड़ में फसल पानी में डूब गई है। धान, बासमती, मक्की, गन्ना की फसल के साथ-साथ पशुओं का चारा प्रभावित हो गया है।

राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्य में जुटे हैं। उनकी टीम ब तक 125 से अधिक लोगों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से निकाल कर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया है। डीसी अमित कुमार पंचाल ने वीरवार को बाढ़ प्रभावित की मदद के लिए लखवरियह के सरकारी हाई स्कूल में राहत कैंप स्थापित किया है। उधर, सतलुज दरिया का जलस्तर बढ़ने से फाजिल्का जिले जलालाबाद क्षेत्र के कई गांवों बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। सड़क टूटने से गांव आतूवाला आने-जाने का रास्त बंद हो गया है। बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पा रहे औल लोग नाव के सहारे आवागमन कर रहे है

## हिमाचल में बारिश का कहर, 24 घंटे में 150 करोड़ से अधिक का नुकसान, दो NH सहित 472 सड़कें बंद



**शिमला, 15 अगस्त [एजेंसी]।**

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के दौरान हुई भारी वर्षा के कारण जनजीवन प्रभावित है और 150 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान है। प्रदेश में कई स्थानों पर लोगों के घरों में पानी भर गया। जबकि कई स्थानों पर अचानक बाढ़ आने के कारण घरों को नुकसान का खतरा बढ़ गया है। ऊना, मंडी, शिमला और चंबा में काफी नुकसान हुआ है। ऊना जिला में भारी वर्षा से कई स्थानों पर जलभराव हुआ और कई स्थानों में घरों, दुकानों, कार्यालयों और स्कूलों में पानी भरा गया। इसके कारण ऊना शहर की फ्रेंड्स कालोनी में जलभराव से गुस्साए लोगों ने कांगड़ा-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम किया।प्रदेश में भारी वर्षा व भूस्खलन के कारण कुल्लू में एनएच 305, लाहुल स्पीति में एनएच 505 बंद है। इसके अलावा बंद सडकों में मंडी में 162, कुल्लू में 73, शिमला में 99, सिरमौर में 66, कांगड़ा में 26 सड़कें बंद हैं।

प्रदेश में 721 ट्रांसफार्मर खराब हैं। जिसके कारण बिजली आपूर्ति बंद है। कई गांव अंधेरे में है। सिरमौर में 187, ऊना में 162, लाहुल स्पीति में 150, सोलन में 114, शिमला में 67, कुल्लू में 30 ट्रांसफार्मर खराब हैं।प्रदेश में 20 जून से लेकर अभी तक 2104 करोड़ के नुकसान का अनुमान है। अभी तक 130 लोगों की बादल फटने, भूस्खलन व अन्य कारणों से मौत हो चुकी है। प्रदेश में बादल फटने की अभी 34, अचानक बाढ़ की 71 और भूस्खलन 60 घटनाएं हुई हैं। प्रदेश में 545 मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और 1763 मकानों 359 दुकानों और 2113 गौशालाओं को नुकसान हुआ है।

## दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस पर सनसनीखेज वारदात, दारोगा के बेटे को मारी चार गोलियां, पुलिस अफसरों में मचा हड़कंप



**पूर्वी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) को एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया। पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवक को कई गोलियां मारीं।

पुलिस के अनुसार, चार गोलियां लगने से घायल हुए अखिल पंवार को मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि घायल शख्स शाहदरा थाने का घोषित बदमाश है। इसके पिता दिल्ली पुलिस में एसआई हैं। सौरव नागर और गौरव नाम के दो सगे भाइयों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। उधर, पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

## भागलपुर में महिला के साथ छेड़खानी, विरोध करने पर घर में घुसकर पीटा, थाने में एफआईआर



**नारायणपुर, 15 अगस्त [एजेंसी]।**


भागलपुर जिले के भवानीपुर कोसी तटबंध पर एक महिला के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर उसके घर में घुसकर मारपीट करने और मोटरसाइकिल छीनने का मामला सामने आया है। पीड़िता, भवानीपुर निवासी रामनाथ पंडित की पत्नी आशा देवी ने नगरपारा निवासी बिनोद पासवान, रंजीत पासवान, मुल्लू पासवान, छंगूरी पासवान, बाबुसाहेब पासवान, छोटु पासवान, हरेराम पासवान, बिदुर पासवान, मनोज पासवान, बमबम पासवान, राजन पासवान, सुमित पासवान समेत बारह लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

महिला ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने छेड़खानी का विरोध किया, तो आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों और अवैध हथियारों से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान उनके ननदोसी भोला पंडित, गोतनी मधु देवी और बच्चे प्रिंस भी घायल हो गए। जब उनके पति और पुत्र बचाने आए, तो आरोपियों ने मोटरसाइकिल संख्या बी आर 34 क्यू 0834 छीन ली और धमकी देते हुए फरार हो गए।स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उक्त महिला और उसके परिवार को सीएचसी नारायणपुर में इलाज के लिए ले जाया गया। भवानीपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## आयरलैंड में भारतीयों पर हमले का विरोध तेज, नर्सों ने दी चेतावनी

**आयरलैंड ।** आयरलैंड में भारतीयों पर हो रहे नस्लीय हमलों के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। आयरलैंड में जहां इन हमलों के विरोध में भारतीय नर्सों ने चेतावनी दी है, वहीं विदेश मंत्रालय ने आयरिश सरकार से चिंता जताई है।आयरलैंड के स्वास्थ्य सेवा कार्यकारी (एचएसई) और सबसे बड़े नर्स संघ ने कहा है कि उनके पलायन का स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पर गंभीर असर पड़ सकता है। आयरलैंड में भारत, अफ्रीका और अन्य एशियाई देशों के लगभग 23 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मी काम करते हैं।बयान के मुताबिक एचएसई विदेश से आए लोगों, उनके परिवारों और समुदाय के खिलाफ नस्लीय दुर्व्यवहार और हमलों की सभी घटनाओं की स्पष्ट रूप से निंदा करता है। यह अस्वीकार्य है। लोगों को दुर्व्यवहार के डर से घर से बाहर निकलने या काम पर जाने से नहीं डरना चाहिए।

# अलास्का पर सबकी नजर, पुतिन के साथ मीटिंग से पहले ट्रंप ने कर दिया बड़ा दावा



**वाशिंगटन, 15 अगस्त [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात 15 अगस्त को अलास्का में होने जा रही है। इसके बाद भी ट्रंप की बयानबाजी बंद होने का नाम नहीं रही है। फॉक्स न्यूज रेडियो को दिए एक साक्षात्कार में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत पर लगाए गए शुल्कों ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनसे मिलने के लिए प्रेरित किया होगा। ट्रंप ने आगे कहा कि हर चीज का असर होता है। उन्होंने कहा कि भारत पर लगाए गए शुल्कों ने अनिवार्य रूप से उन्हें रूस से तेल खरीदने से वंचित कर दिया।

इससे कहीं हद तक रूस को प्रभावित किया है। इस महीने की शुरुआत में, ट्रंप ने नई दिल्ली द्वारा रूसी तेल की निरंतर खरीद के विरोध में भारतीय वस्तुओं पर और भी ज्यादा शुल्क लगाने का आदेश दिया था। इससे कई उत्पादों पर शुल्क का स्तर 50 प्रतिशत हो गया है - जो किसी भी अमेरिकी व्यापारिक साझेदार के लिए सबसे ज्यादा है।ट्रंप ने आगे संकेत दिया कि पुतिन के मिलने पर सहमत होने में भारत पर लगाए गए शुल्कों की शायद भूमिका रही होगी। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से, जब आप अपना दूसरा सबसे बड़ा ग्राहक खो देते हैं और संभवतः अपना पहला सबसे बड़ा ग्राहक भी खोने वाले हैं, तो मुझे लगता है कि शायद इसकी भी भूमिका होगी।ट्रंप और पुतिन पूरा अमेरिका छोड़ अलास्का में ही क्यों कर रहे हैं मुलाकात, क्योंकि बैठक के लिए अलास्का का चुनाव प्रतीकात्मक और व्यावहारिक तौर पर किया गया है।इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने 17 मार्च, 2023 को यूक्रेन में युद्ध अपराधों को लेकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ इंटरनेशनल अरेस्ट वारंट जारी किया हुआ है। आईसीसी ने अरेस्ट वारंट जारी करते हुए कहा कि पुतिन पर यूक्रेन के बच्चों को जबरन रूस ले जाने का आरोप है।

## पटना में पकड़ा गया बिहार पुलिस का सिपाही... महिला की बहन से दुष्कर्म कर हो गया था फरार

**अजगैवीनाथ धाम।** भागलपुर के अजगैवीनाथ धाम थाना की पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपित को पटना से गिरफ्तार किया है। आरोपी लखीसराय जिला के सुर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के कटेहर गांव का रहने वाला मोहम्मद सद्दाम हुसैन है। वह पटना पुलिस बल में सिपाही पद पर कार्यरत है।थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध वर्ष 2021में सुल्तानगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपनी बहन के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। आवेदन प्राप्त होने के बाद थाने में केस दर्ज किया गया था। केस दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था।जांच के क्रम में पुलिस को यह सूचना मिली कि आरोपित पटना पुलिस में सिपाही के पद पर कार्यरत है। कार्यरत सिपाही को पटना से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपित सिपाही पहले से शादीशुदा है। गिरफ्तार जवान ने बताया की उसे साजिश के तहत फंसाया जा रहा है।

## ..तो भारत पर और बढ़ सकता है टैरिफ, रूस का नाम लेकर अमेरिकी वित्त मंत्री ने दी ऐसी चेतावनी



**नईदिल्ली, 15 अगस्त [एजेंसी]।**


अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने चेतावनी दी है कि अगर शुक्रवार को अलास्का में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्ता के दौरान चीजें ठीक नहीं रहीं तो भारत पर टैरिफ और बढ़ सकते हैं।पिछले हफ्ते ट्रंप ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए थे, जिसमें रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी शामिल है। यह टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। बेसेंट ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि राष्ट्रपति पुतिन से हर कोई निराश हो चुका है। हमें उम्मीद है कि वह ज्यादा खुलकर बातचीत करेंगे।ऐसा लग रहा है कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं। हमने रूसी तेल खरीदने पर भारतीयों पर अतिरिक्त टैरिफ लगा दिए हैं। अगर चीजें ठीक नहीं रहीं तो प्रतिबंध या अतिरिक्त टैरिफ बढ़ सकते हैं।

रूसी कच्चे तेल के मुख्य खरीदार चीन के बारे में पूछे जाने पर बेसेंट ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति दबाव बनाने में सबसे कुशल हैं और वह अपने रूसी समकक्ष पुतिन को स्पष्ट कर देंगे कि सभी विकल्प खुले हैं।यह पूछे जाने पर कि क्या टैरिफ बढ़ाए जा सकते हैं या कम किए जा सकते हैं, बेसेंट ने कहा, टैरिफ बढ़ाए जा सकते हैं, उन्हें कम भी किया जा सकता है। उनकी एक निश्चित अवधि हो सकती है। वे अनिश्चित काल तक जारी भी रह सकते हैं।जैसा कि आप जानते हैं, दुनिया भर में रूसी जहाजों का एक छद्म बेड़ा है। मुझे लगता है कि हम उस पर कार्रवाई कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और पुतिन की मुलाकात के बावजूद भी यूरोपीय देशों को हमारे साथ जुड़ने की जरूरत है।


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
गोपाल नारायण सिंह
केंद्रीय अध्यक्ष
एसईकेएमसी एसईसीएल


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
रामगोपाल यादव
पूर्व एल्डरमेन
नगर निगम कोरबा


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
रामगोपाल कुर्रे
उप नेता व पार्षद मुड़ापार
वार्ड कोरबा


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
सत्येंद्र दुबे
पूर्व प्रदेशाध्यक्ष
भामसं छग


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
ज्योत्सना महंत
सांसद कोरबा
तनवीर अहमद प्रदेश
सचिव कांग्रेस छग
रहमान खान
सांसद प्रतिनिधि व अध्यक्ष युवा
कांग्रेस कटघोरा विधानसभा क्षेत्र


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
राजकुमारी नारंगे
सचिव कोरबा
विधानसभा बसपा


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
अमृत साहू
एलपी चंद्रा
युवा नेता अमृत साहू को एसकेएमस केन्द्रीय
कर्मशाला गेवरा का अध्यक्ष व एलपी चंद्रा को
सचिव बनाये जाने पर हार्दिक बधाई
विनित: एसकेएमएस गेवरा के समस्त कार्यकर्ता


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
अरूणीश तिवारी
पार्षद प्रगति नगर
दीपका


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
विकासखंड शिक्षा अधिकारी
कोरबा
जिला-कोरबा (छग)


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
माधव जायसवाल
जिला उपाध्यक्ष
भजपा पिछड़ा वर्ग
मोर्चा कोरबा
श्रीमती भानुमति जायसवाल
पार्षद
नगर निगम
कोरबा


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
रोशनी शिशु मंदिर
ढोढ़ीपारा कोरबा
कक्षा नर्सरी से 8 वीं तक संचालित
प्राचार्य श्रीमती राखी तारक


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
कर्मभारती उच्चतर माध्यमिक
विद्यालय
सर्वमंगला नगर
दुरपा रोड कोरबा
जिला-कोरबा (छग)
प्राचार्य कमलेश पटेल


स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ
पर समस्त नागरिकों को बधाई
प्राचार्य -आई
वेपटिस्ट
लिटिल लैंप इंग्लिश मीडियम स्कूल
शिवाजी नगर कोरबा -जिला कोरबा (छ.ग.)


स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ
पर समस्त नागरिकों को बधाई
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर कॉलरी
कक्षा नर्सरी से 12
वीं तक संचालित
राज किशोर श्रीवास्तव
अध्यक्ष
शैलेन्द्र सिंह
सचिव
सियाराम जांगड़े
उपाध्यक्ष
सी.के. पांडेय
कोषाध्यक्ष
प्राचार्य एस.के. दुबे
जिला कोरबा ( छ.ग.)


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
विकासखंड
शिक्षा अधिकारी
पाली एवं समस्त स्टाफ
जिला-कोरबा (छग)


स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ
पर समस्त नागरिकों को बधाई
विकासखंड शिक्षा अधिकारी करतला एवं
समस्त स्टाफ


स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ
पर समस्त नागरिकों को बधाई
विकासखंड चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त स्टाफ
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करतला

























स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com